देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 344 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 1 मार्च 2020

**रविवासरीय...**कॉफी विद करण के लायक नहीं





मौसम — अधिकतम 24.0° न्यूनतम 13.0°

38297.29

2 — तुर्की के 33 सैनिकों की मौत

7 — ग्रुप में टॉप पर पहुंचा भारत

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली मेट्रो में लगाए गोली मारो नारे, 6 पकड़े

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में दंगों के बाद अब नई दिल्ली में माहौल खराब करने की कोशिश हुई। वहां मेट्रो स्टेशन पर कुछ लड़कों ने देश के गद्दारों को, गोली मारो ''' को को नारे लगा। इस मामले में पुलिस ने उन्हें वहीं हिरासत में ले लिया। यह घटना राजीव चौक मेट्रो स्टेशन की है। मिली जानकारी के मुताबिक, यह घटना दोपहर करीब 12.30 की है। राजीव चौक पर 6 लड़के अचानक देश के गद्दारों को, गोली मारो ''' को नारे लगाने लगे। पुलिस ने तुरंत राजीव चौक स्टेशन पर ही उन्हें हिरासत में ले लिया। फिलहाल उनसे पूछताछ जारी है।

### जवान का जला घर बनवाने पहुंची बीएसएफ टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली के दंगाइयों ने केवल लोगों की जान ही नहीं ली बल्कि सैकड़ों लोगों के सपनों का आशियाना भी खाक कर दिया। दंगाइयों ने खजूरी खास इलाके में सीमा सुरक्षा बल के जवान मोहम्मद अनीस का घर भी जला दिया था। तीन महीने बाद ही अनीस की शादी होने वाली थी। अनीस ने इस हादसे की जानकारी अपने सीनियर्स को नहीं दी थी। लेकिन समाचारों के जरिए उसके वरिष्ठों तक यह बात पहुंची और अब बीएसएफ अपने जवान की मदद को सामने आया है।

### प्रशांत किशोर को राज्यसभा भेज सकती हैं ममता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली पार्टी जनता दल यूनाइटेड से निष्कासित नेता प्रशांत किशोर राजनीतिक रूप से बिहार में सक्रिय होना चाहते हैं। वह अपनी संसदीय राजनीति की शुरुआत पश्चिम बंगाल से कर सकते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक तृणमूल कांग्रेस प्रशांत किशोर को राज्यसभा में अपने कोटे से भेज सकती है। इस संदर्भ में जल्द ही फैसला लिया जाएगा। पश्चिम बंगाल में राज्यसभा की पांच सीटें खाली हो रही है।

# निर्भया केस: अक्षय की याचिका से फंसा पेंच

## फांसी से बचने के लिए दोषी अक्षय ने फिर लिया कानून का सहारा

■3 मार्च को होनी है सभी दोषियों की फांसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। निर्भया गैंगरेप और हत्या केस के दोषी फांसी से बचने के लिए लगातार कानूनी दांव–पेंच का सहारा ले रहे हैं। दोषी अक्षय ठाकुर ने शनिवार को दोबारा से दया याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि पहले की याचिका में सुनवाई के दौरान केस से जुड़े सभी बिंदुओं पर ध्यान नहीं दिया गया। इससे पहले शुक्रवार को दोषी पवन कुमार ने क्यूरेटिव याचिका दायर की थी, जिसपर सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की बेंच 2 मार्च को सुनवाई करेगी। पवन ने अपनी अर्जी में कहा है कि वह घटना के वक्त नाबालिग था। आपको बता दें कि इस मामले में उसकी रिव्यू अर्जी खारिज हो चुकी है।

जस्टिस एन वी रमन्ना, जस्टिस अरुण मिश्रा, जस्टिस रोहिंग्टन फली नरीमन, जस्टिस आर भानुमति और जस्टिस अशोक भूषण सुबह 10:25 बजे याचिका की सुनवाई करेंगे। क्यूरेटिव पिटिशन की सुनवाई बंद कमरे में होती है। जज देखते हैं कि पिटिशन में मेरिट है या नहीं। इस मामले में बाकी अन्य तीन दोषियों की क्यूरेटिव पिटिशन खारिज किया जा चुका है। ऐसे में माना जा रहा कोर्ट इसे भी खारिज कर सकता है।

तीन अन्य दोषियों के साथ पवन कुमार के खिलाफ 3 मार्च के लिए डेथ वॉरंट जारी किया गया है। पवन कुमार के वकील ए.पी. सिंह ने कहा कि अपराध के समय वह किशोर था और मौत की सजा उसे नहीं दी जानी चाहिए। सिंह ने निचली अदालत द्वारा जारी डेथ वॉरंट के क्रियान्वयन पर रोक



लगाने की मांग की। पवन कुमार एक मात्र दोषी है, जिसे अभी सभी कानूनी उपायों का इस्तेमाल करना है। इसमें एक क्यूरेटिव याचिका और राष्ट्रपति के समक्ष दया याचिका दायर करना शामिल है। मीडियाकर्मियों से बातचीत में एपी सिंह ने कहा कि पूर्व के निर्णयों में कई गलतियां रही हैं और उन्हें उम्मीद है कि इन गलतियों को इस क्यूरेटिव याचिका के माध्यम से संशोधित किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'हमारा मुख्य तर्क यह है कि अपराध के समय पवन एक संगीत कार्यक्रम में थे। इससे पहले मुकेश व विनय ने राष्ट्रपति के दया याचिका को खारिज करने के फैसले को अलग–अलग चुनौती दी थी, जिसे शीर्ष कोर्ट खारिज कर चुका है।

### दोषियों की शारीरिक, मानसिक दशा जानने को लेकर याचिका

निर्भया मामले में मौत की सजा पाए चारों दोषियों की शारीरिक और मानसिक स्थिति जानने के लिए एनएचआरसी को निर्देश देने की मांग को लेकर शनिवार को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

### कब होगी फांसी

निर्भया के चारों दोषियों को फांसी देने के लिए दिल्व्ली की पटिलाया कोर्ट ने तीन मार्च, 2020 की तारीख तय कर दी है। फांसी सुबह छह बजे होनी है। हालांकि अक्षय की इस चाल से फांसी टलने की संभावना बढ़ गई है। इससे पहले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अक्षय की दया याचिका को खारिज कर दिया था। दया याचिका में कई तत्थ्यों की कमी के कारण उसे अमान्य करार कर दिया गया था।

# हकदार तक दिल्ली से पहुंच रही पाई–पाई: मोदी

## बुंदेलखड एक्सप्रेस-वे और पेयजल से जुड़ी योजनाओं का शिलान्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चित्रकूट। बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे और पेयजल से जुड़ी योजनाओं का शिलान्यास करने चित्रकूट पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि इस एक्सप्रेस–वे से रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि करीब 15 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला ये बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे यहां रोजगार के हजारों अवसर तैयार करेगा और यहां के सामान्य जन को बड़े–बड़े शहरों जैसी सुविधा से जोड़ेगा। इस दौरान पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर भी जमकर निशाना साधा।

पीएम मोदी ने कहा कि इस साल के बजट में जो फैसले लिए गए हैं, उनका सीधा फायदा किसानों को होगा। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार ने 16 सूत्रीय कार्यक्रम बनाया है। सरकार की कोशिश है कि किसान को उसके खेत के कुछ किलोमीटर के दायरे में ही एक ऐसी व्यवस्था मिले, जो उसे देश के हर मार्केट से जोड़ दे।

कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आपने लंबे समय तक वे दिन देखे हैं जब बुंदेलखंड के नाम पर, किसानों के नाम पर हजारों करोड़ के पैकेज घोषित किए जाते थे लेकिन किसान के पास कुछ नहीं पहुंचता था। उन्होंने कहा, अब वह समय बीत चुका है, अब दिल्ली से निकलने वाली पाई–पाई उसके हकदार तक पहुंच रही है।

### 100 जिलों में बनेंगे एफपीओ

पीएम मोदी ने बताया कि केन्द्र सरकार ने यह भी फैसला किया है कि आदिवासी क्षेत्रों और चित्रकूट जैसे देश के 100 से ज्यादा आकांक्षी जिलों में फार्मर प्रड्यूसर ऑर्गनाइजेशन्स को अधिक प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि हर ब्लॉक में कम से कम एक एफपीओ का गठन जरूर किया जाएगा।

### पीएम ने विकास कार्य में क्षेत्र व जाति को नहीं देखा: सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पहली बार बुंदेलखंड के हर घर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति माननीय प्रधानमंत्री की अनुकंपा से शुरू होने जा रही है। देश तथा प्रदेश में पहले जाति, क्षेत्र, भाषा, मजहब के आधार पर हमारे व्यापक सामाजिक ताने बाने को छिन्न भिन्न करने वाले लोग किस प्रकार की राजनीति करते थे, बुंदेलखंड इसका उदाहरण है।

# रामनवमी से शुरू होगा राम मंदिर निर्माण?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अयोध्या। राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र के अयोध्या पहुंचने के साथ मंदिर निर्माण को लेकर सरगर्मी शुरू हो गई है। शनिवार को सदस्यों के साथ मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष ने दो घंटे तक मंदिर परिसर में रह कर हर बिंदुओं पर विचार–विमर्श किया। ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि अभी मंदिर निर्माण के लिए चरण तय किए जा रहे हैं, होमवर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रामनवमी में 15 से 20 लाख आते हैं, वे लोग भगवान के दर्शन करें, पूजन करें और अपने घर जाएं, यह पहला कर्तव्य है।

महामंत्री चंपत राय ने बताया, मौलिक काम शुरू करने से पहले एक–एक कदम और क्या काम करने पड़ेंगे, अभी तय किया जा रहा है। साथ ही कौन सा चरण पूरा करने में कितना समय लगेगा उसका मौखिक आकलन किया जा रहा है। बाद में तकनीकी लोग उसका सही आकलन करेंगे।

### मंथन

#### चंपत राय बोले– अभी होमवर्क हो रहा है

इसके बाद हम तय करेंगे मौलिक काम करने के लिए पूजा कब आरंभ करे। चंपत राय ने कहा, हम स्टेप तय कर रहे हैं होमवर्क किया जा रहा है। राम नवमी 15 से 20 लाख आते हैं, भगवान के दर्शन करें पूजन करें और अपने घर जाएं ये हमारा पहला कर्तव्य है। चंपत राय ने कहा कि जबतक कुछ कहने लायक काम न हो जाए बैठक की तारीख तय नहीं हो सकती।

ट्रस्ट के सूत्रों ने बताया कि राम जन्म भूमि परिसर में पूरी व्यवस्था को लेकर मंथन हो रहा है जिसमें रामलीला को फाइबर के मंदिर में शिफ्ट करने को लेकर प्राथमिकता है। इसे लेकर स्थान, सुरक्षा व दर्शन के मार्ग आदि को लेकर अंतिम रूप देना शामिल है। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र के मुताबिक, पहले राम लला को फाइबर मंदिर में शिफ्ट करने को लेकर तैयारी चल रही है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# 14 महीने में अपने सैनिकों को बुला लेंगे

## अमेरिका और अफगानिस्तान के संयुक्त घोषणापत्र में जिक्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काबुल/कतर। अफगानिस्तान में शांति के लिए अमेरिका और तालिबान के बीच आज कतर में ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए। अमेरिका ने ऐलान किया है कि अगर तालिबान शांति समझौते का पालन करता है तो वह और उसके सहयोगी 14 महीने के भीतर अफगानिस्तान से अपने सभी सैनिकों को वापस बुला लेंगे।

अमेरिका और अफगानिस्तान ने अपने संयुक्त बयान में यह बात कही है। माना जा रहा है कि अमेरिकी फौज के अफगानिस्तान से हटने के बाद तालिबान सशस्त्र संघर्ष छोड़ देगा। इस डील पर सहमति भी इसी उद्देश्य के लिए बनी है। दरअसल, तालिबान को देश में विदेशी सैनिकों के होने पर गहरी आपत्ति थी। अमेरिका और अफगानिस्तान के संयुक्त घोषणापत्र में कहा गया है कि शनिवार को समझौते पर हस्ताक्षर होने के 135 दिन के भीतर शुरुआती तौर पर अमेरिका और उसके सहयोगी अपने 8,600 सैनिकों को वापस बुला लेंगे और आगे 14 महीने में सभी सैनिक लौट जाएंगे।